राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र से राजस्थान भ्रमण पर आए 62वें एनडीसी पाठ्यक्रम के प्रतिभागी अधिकारियों ने की मुलाकात

जयपुर, 21 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में राजस्थान भ्रमण पर आए राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के 62वें एनडीसी पाठ्यक्रम के प्रतिभागी 17 वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ (सिविल) श्री प्रियांक भारती के नेतृत्व में मिले इन अधिकारियों में भारतीय सेना के ब्रिगेडियर स्तर के अधिकारी, सिविल सेवाओं के अधिकारी तथा युगाण्डा, वियतनाम, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश के एक—एक सैन्य अधिकारी शामिल रहे।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इन अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे एक सप्ताह के अपने प्रवास में राजस्थान की बहुरंगी संस्कृति और अर्थव्यवस्था के विभिन्न पक्षों को गहराई से समझने का प्रयास करें। राज्यपाल से इन अधिकारियों ने राजस्थान में जल संरक्षण की प्राचीन परम्परा, कोविड—19 के दौरान रोजगार और पर्यटन को गति देने के लिए किए गए प्रयासों आदि के बारे में संवाद भी किया।

इस दौरान राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार एवं प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल, भारत सरकार में संयुक्त सचिव श्री राजीव अहीर भी उपस्थित रहे।

——